## समय पर खाद नहीं मिलने से फसल का उत्पादन प्रभावित होगा

# खाद नहीं मिलने से गुस्साए किसानों ने ट्रक रोका

**सतना।** मंगलवार को खाद नहीं मिलने से गुस्साए किसानों ने कोठी रोड पर खाद से लदे ट्रकों को रोक दिया,जिससे सड़क पर जाम लग गया और आवागमन प्रभावित हुआ। किसान विपणन केंद्र में खाद लेने पहुंचे थे,लेकिन वहां खाद नहीं होने से उनका गुस्सा फूट पड़ा। इसी बीच,खाद से लदे ट्रक केंद्र के सामने पहुंचे तो किसानों ने उन्हें रोक लिया। बताया गया है कि खाद वितरण केंद्रों में खाद नहीं होने की सूचना नहीं लगाई जाती है,जिससे किसानों को यह पता नहीं चल पाता कि खाद उपलब्ध है या नहीं। जानकारी मिलते ही उनका गुस्सा फूट पड़ता है,और मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। बाद में,एसडीएम राहुल सिलाडिया ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और किसानों को आश्वासन दिया कि खाद उपलब्ध होते ही उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद दी जाएगी। एसडीएम ने स्वीकार किया कि इस तरह की स्थितियों को रोकने के लिए सूचना बोर्ड लगाए जाने चाहिए। किसानों के अनुसार,खरीफ सीजन की फसलों को खाद का इंतजार है। समय पर खाद नहीं मिलने से फसल का उत्पादन प्रभावित होगा,और उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा।




### एसडीएम ने बंटवाए थे टोकन

सोमवार को भी किसानों ने खाद न मिलने पर हंगामा किया था और पन्ना रोड से गुजर रहे राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के काफिले को भी रोक दिया था।राज्यमंत्री ने भी पर्याप्त खाद वितरण की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था। सोमवार को प्रशासन की व्यवस्था के अनुसार एसडीएम की मौजूदगी में किसानों को खाद वितरण के लिए टोकन भी बांटे गए थे।

### डबल लॉक में भी नहीं है खाद

जिन किसानों को टोकन मिले थे,वे मंगलवार को यूरिया लेने वितरण केंद्र पहुंचे,लेकिन उन्हें खाद नहीं मिली। किसानों के अनुसार,डबल लॉक और सोसायटियों से खाद नहीं मिल पा रही है। वहीं, मार्कफेड के अधिकारियों का कहना है कि बढ़ी हुई मांग के कारण सोमवार तक उपलब्ध पूरा स्टॉक वितरित कर दिया गया है।

### रैक पहुंचने में देरी से बढ़ी समस्या

मार्कफेड के डीएमओ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार,एक-दो दिन में जिले को 2200 मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन मिलने की उम्मीद है। रैक पहुंचने में देरी होने के कारण समस्या बढ़ गई है। आवंटन मिलते ही सभी जगह वितरण शुरू कर दिया जाएगा। 1500 एमटी सहकारी समितियों,एमपी एग्रो को 60 मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र के व्यापारियों को 600 मीट्रिक टन खाद वितरित की जाएगी। शेष स्टॉक मार्कफेड के गोदाम में रिजर्व के रूप में रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई: कलेक्टर ने सुनी 153 आवेदकों की समस्याएं

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस.ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न हिस्सों से आए 153 आवेदकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में अपर कलेक्टर विकास सिंह और डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा ने भी आवेदकों की फरियाद सुनी।

### परिवहन विभाग का विशेष चेकिंग अभियान



**सतना।** परिवहन विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर में ऑटो और ई-रिक्शा की विशेष जांच का अभियान चलाया। इस दौरान,कुल 42 ऑटो की जाँच की गई,जिनमें से 5 ऑटो में परमिट, फिटनेस,बीमा और अन्य दस्तावेज़ों में कमियाँ पाई गईं। इन वाहनों को यातायात पुलिस स्टेशन में सुरक्षित खड़ा कराया गया। इसके अलावा, 25 स्कूल बसों की भी जाँच की गई,जिनमें से 7 बसों में कुछ कमियाँ पाई गईं और उनसे 13,500 का राजस्व वसूला गया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। इस अभियान में परिवहन विभाग से राजर्षि तिवारी,मनोज गौतम, राम सुख,आशुतोष सिंह और चेतराम शामिल थे। यह जानकारी आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने दी।

### बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 15 प्रकरण दर्ज

**सतना।** अधीक्षण अभियंता पीके मिश्रा के निर्देश पर शहर विद्युत विभाग ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने उन उपभोक्ताओं को निशाना बनाया है, जिन्हें पहले भी नोटिस दिए गए थे। इस अभियान में कुल 15 नए प्रकरण दर्ज किए गए और 12 मीटर हटाए गए। जांच के दौरान कई चौंकाने वाले मामले सामने आए। टिकुरिया टोला डिलौरा बाईपास के पास बालचंद दहायत के घर में लगा स्मार्ट मीटर ही बाईपास कर बिजली चोरी की जा रही थी। यही नहीं,उनकी शिकायत पर लगाया गया चेक मीटर भी बाईपास कर लिया गया था। जिस परकनिष्ठ अभियंता अजय दुबे ने मौके पर पंचनामा बनाया। इसी तरह बदखर निवासी संतोष वर्मा अपने निर्माणाधीन भवन में अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते पाए गए।सहायक अभियंता विद्यासागर की टीम ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। राजेंद्र नगर की गली नंबर 10 में श्रीमती मीना शुक्ला के यहां भी नया मीटर बाईपास कर चोरी का मामला सामने आया,जिस पर सहायक अभियंता रामविनीत तिवारी और कनिष्ठ अभियंता इसरार अहमद ने पंचनामा बनाया। कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने बताया कि मीटर से छेड़छाड़ करना विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135,136 और 139 का उल्लंघन है। इन मामलों में सीधे न्यायालय में सुनवाई होगी,जिसमें तीन साल तक की कैद का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के बहकावे में न आएं,क्योंकि बिजली चोरी का पूरा नुकसान उपभोक्ता को ही उठाना पड़ता है। विभाग ने साफ कर दिया है कि भविष्य में भी मीटर से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा घोटाला बिना घर बने निकाल ली गई लाखों की राशि




**सतना।** गरीबों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना जिले के उचेहरा जनपद की पोड़ी ग्राम पंचायत में मजाक बनकर रह गई है। यहाँ कई मकान बिना बने ही कागजों में पूरे दिखाकर लाखों रुपये का बजट निकाल लिया गया है,वहीं कुछ मामलों में श्रमिकों की मजदूरी भी किसी और के खाते में डालकर हड़प ली गई है। सरकारी कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से हुए इस घोटाले का खुलासा होने के बाद,स्थानीय जनपद सदस्य ने इसकी जाँच के लिए क्षेत्रीय विधायक और कलेक्टर को पत्र लिखा है।

### विधायक ने भी उठाई जांच की मांग




नागौद विधानसभा के विधायक और पूर्व मंत्री नागेन्द्र सिंह ने भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर जाँच की सिफारिश की है। उन्होंने पत्र में बताया है कि लंबे समय से ग्रामीण अनियमितताओं की शिकायत कर रहे हैं,लेकिन अधिकारियों ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया। श्री सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2011 से 2016 के बीच,चार लाभार्थियों को पहले इंदिरा आवास और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया था,और बाद में उन्हीं को प्रधानमंत्री आवास का भी लाभ दे दिया गया। इसके अलावा,चार ऐसे मामले भी सामने आए हैं,जहाँ पीएम आवास की पूरी राशि आवंटित होने के बाद भी मकानों का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। विधायक ने यह भी उल्लेख किया कि वित्तीय वर्ष 2016 से अब तक लगभग 509 प्रधानमंत्री आवास बने हैं,लेकिन मजदूरों की मजदूरी उनके खातों में भेजने के बजाय किसी और के खातों में डाल दी गई।

### जनपद सदस्य ने दी अनशन की चेतावनी

उचेहरा जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 के सदस्य और सहकारिता व उद्योग सभापति रमेश कुशवाहा ने भी इस घोटाले के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कलेक्टर,जिला पंचायत सीईओ और एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। श्री कुशवाहा ने बताया कि ये गड़बड़ियाँ तीन अलग-अलग सचिवों के कार्यकाल में हुई हैं,लेकिन इसमें मुख्य भूमिका रोजगार सहायक की बताई गई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे पोड़ी पंचायत कार्यालय के सामने अनशन पर बैठेंगे।

# पश्चिम मध्य रेल पर यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता



**सतना।** पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जबलपुर में 2 सितंबर को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रेल सुरक्षा बल रेल संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहा है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में 1 जनवरी से 31 जुलाई तक कई विशेष अभियान चलाए,जिनके सराहनीय परिणाम सामने आए हैं।

### ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते

इस अभियान के तहत,लापता,घर से भागे हुए या अपहरण किए गए 463 बच्चों को उनके परिवारों या गैर-सरकारी संगठनों से मिलाया।

### ऑपरेशन अमानत:

604 यात्रियों का खोया हुआ या छूटा हुआ सामान (जिसमें मोबाइल,लैपटॉप,पर्स और ज्वैलरी शामिल हैं) सुरक्षित रूप से वापस लौटाया। इस सामान की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 19 लाख 63 हज़ार 261 है।

### ऑपरेशन मिशन जीवन रक्षा:

अभियान मे 17 यात्रियों और व्यक्तियों की जान बचाई।

### ऑपरेशन मेरी सहेली:

महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रमुख रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में 18 महिला टीमों को तैनात किया गया। इन टीमों ने लगभग 42,137 अकेली यात्रा करने वाली महिलाओं को सहायता प्रदान की और उनसे प्रतिक्रिया भी ली। यह सुनिश्चित किया है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे प्रयास जारी रहेंगे।

# पशिचम मध्य रेल से गुजरने वालीं स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए

**सतना।** रेलवे प्रशासन ने आगामी त्योहारों को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुछ स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 05559 रक्सौल-उधना साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 27 सितंबर 2025 तक अधिसूचित थी,अब 4 अक्टूबर से 27 दिसंबर तक चलेगी। यह ट्रेन बीना और संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होकर गुजरती है। (13 ट्रिप) ट्रेन संख्या 05560 उधना-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 28 सितंबर तक अधिसूचित थी,अब 5 अक्टूबर से 28 दिसंबर तक चलेगी। यह ट्रेन भी संत हिरदाराम नगर और बीना स्टेशनों से होकर गुजरती है। (13 ट्रिप) ट्रेन संख्या 03379 धनबाद-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 30 सितंबर तक अधिसूचित थी,अब 7 अक्टूबर से 2 दिसंबर तक चलेगी। यह सिंगरौली,कटनी साऊथ,जबलपुरऔर इटारसी सहित कई स्टेशनों से होकर गुजरती है। (9 ट्रिप) ट्रेन संख्या 03380 एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 2 अक्टूबर तक अधिसूचित थी,अब 9 अक्टूबर से 4 दिसंबर तक चलेगी। (9 ट्रिप) ट्रेन संख्या 05557 रक्सौल-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 24 जून 2025 तक अधिसूचित थी,अब 23 सितंबर से 25 नवंबर तक फिर से चलेगी। यह सतना,कटनी,जबलपुर और इटारसी से होकर गुजरती है। (10 ट्रिप) ट्रेन संख्या 05558 एलटीटी-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 26 जून 2025 तक अधिसूचित थी,अब 25 सितंबर से 27 नवंबर 2025 तक फिर से चलेगी। (10 ट्रिप) ट्रेन संख्या 05585 सहरसा-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 27जून तक अधिसूचित थी,अब 19 सितंबर से 28 नवंबर तक फिर से चलेगी। यह सतना,कटनी,जबलपुर और इटारसी से होकर गुजरती है। (11 ट्रिप) ट्रेन संख्या 05586 एलटीटी-सहरसा साप्ताहिक स्पेशलः यह ट्रेन,जो पहले 29 जून तक अधिसूचित थी,अब 21 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक फिर से चलेगी। (11 ट्रिप) यात्रियों से इन विस्तारित सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है। ट्रेनों के ठहराव और समय से संबंधित अधिक जानकारी के लिए,यात्री भारतीय रेल की वेबसाइट www.enquiry. indianrail. gov.in पर देख सकते हैं।



# खाटूश्याम के लाडलों ने मैहर में गणेश उत्सव की धूम मचाई

**मैहर।** डेल्हा में इस साल का गणेश उत्सव बहुत खास और यादगार रहा। खाटूश्याम के लाडलों ने गणेशोत्सव के मौके पर भव्य और रंगारंग कार्यक्रम पेश किए,जिससे श्रद्धालु भक्ति और उल्लास से भर गए। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे और उन्होंने उत्सव की शोभा बढ़ाई। गणेश भगवान की स्थापना के बाद,मंच पर भक्ति से भरे भजन,सुंदर झाँकियाँ और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं। बच्चों और युवाओं ने अपने नृत्य और गीतों से सबका दिल जीत लिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति,उमंग और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भजन-कीर्तन ने जहाँ माहौल को आध्यात्मिक बनाया,वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मनोरंजन और उत्साह का रंग घोला। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता,भाईचारा और धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम के आखिर में सभी को प्रसाद बाँटा गया,जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस पूरे कार्यक्रम ने भक्ति,उत्साह और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। इस आयोजन में उमा कांत उपाध्याय,सागर गर्ग,पंकज कुशवाहा,सचिन द्विवेदी,विनय पटेल,गोलू पटेल,दीपक विश्वकर्मा, विक्की पटेल,अभिषेक गौतम,राजाराम पटेल,धीरज सेन,शुभ गर्ग,श्लोक गर्ग,निखिल गर्ग के साथ खाटूश्याम गणेश उत्सव समिति डेल्हामोड के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# श्रीरामाकृष्णा कॉलेज में छात्रों के लिए जावा कार्यशाला का सफल आयोजन



**सतना।** करही में स्थित श्रीरामाकृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग,साइंस एंड मैनेजमेंट में 15 दिनों तक चली एक विशेष कार्यशाला 30 अगस्त को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर साइंस,इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 60छात्रों को जावा प्रोग्रामिंग की व्यावहारिक और गहन ट्रेनिंग देना था। इस वर्कशॉप के दौरान छात्रों को जावा की बुनियादी अव धारणाओं के साथ-साथ प्रैक्टिकल और छोटे-छोटे लाइव प्रोजेक्ट्स पर काम करने का मौका मिला। इससे उन्हें प्रोग्रामिंग की दुनिया में हैंड्स-ऑन अनुभव प्राप्त हुआ। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के लिए कॉलेज ने एमएसएमई इंदौर से सुनील वर्मा के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यशाला को सफल बनाने में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग और कंप्यूटर साइंस विभाग का विशेष योगदान रहा। समापन समारोह में संस्था के चेयरमैन शमी पुरी,श्रीरामाकृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर शाश्वत पुरी,टेक्निकल विंग के डायरेक्टर डॉ.अग्निवेश अग्निहोत्री,एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे,फर्स्ट ईयर डीन अभय मिश्रा,हायर सेमेस्टर डीन दीपेश निगम,फार्मेसी डीन डॉ.अमित पांडेय और सभी विभागाध्यक्षों सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यशाला छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# डालीबाबा में जोशी परिवार ने घर पर ही किया गौरी-गणपति का विसर्जन



**सतना।** शहर के डालीबाबा इलाके में जोशी परिवार ने इस साल 5 दिन के गौरी-गणपति का विसर्जन अपने घर पर ही किया। कोरोना महामारी और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया। इस विसर्जन में परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। विसर्जन के समय जोशी परिवार के मुखिया प्रशांत जोशी ,हेमंत, देवेंद्र, प्रणाम स्वामी,महेश,प्रगति और देवेश के साथ-साथ मोहल्ले के कुछ लोग भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर गणपति बप्पा को अगले साल फिर से आने की कामना के साथ विदाई दी।

# नगर निगम जनसुनवाई: अध्यक्ष और आयुक्त ने सुनीं 36 शिकायतें



**सतना।** नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,नगरनिगम आयुक्त डॉ. शेर सिंह मीणा और सहायक आयुक्त सत्यम मिश्रा ने कुल 36 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा ने बताया कि शहर के 45वार्डों से कुल 36 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। अध्यक्ष,आयुक्त और सहायक आयुक्त ने एक-एक करके सभी आवेदनों को प्राप्त किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कुछ आवेदनों पर मौके पर ही कार्रवाई करते हुए संबंधित शाखा प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बाकी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक नोट लगाकर संबंधित शाखाओं को भेज दिया गया। जनसंपर्क अधिकारी श्री मिश्रा के अनुसार,जनसुनवाई में आए कुल 36 आवेदनों में से 7 निर्माण संबंधी,3 स्वास्थ्य संबंधी, 15 पीएम आवास संबंधी,1 योजना शाखा संबंधी,2 पेयजल संबंधी,4 अतिक्रमण संबंधी,1 विद्युत संबंधी और 2 स्थापना शाखा संबंधी थे।

**NAME CHANGE**

I, Anand Kumar Jotwani father shri Sadhuram Jotwani, age 45 Years, redident of lalta chowk Satna, Tehsil Raghurajnagar District Satna Madhya Pradesh hereby declare under oath that, I Swear that my daughter Kamya Jotwani has Passed the class 10 th Examination from Christukula Mission Higher Secondary School Satna in the academic Session 2024, in whose mark sheet the name of the father is recorded as Aanand Jotwani. I, Swear that my daughter Kamya Jotwani is a regular Studendt of class 12th from Christukula Mission Higher Secondary School Satna in the academic session 2025-26, whose father's name is recorded as Anand Jotwani in the School records. I, Swear that my name is recorded as Anand Kumar Jotwani in my records. I hereby state under oath that due to my name being different in my records and my daughter's records, I am facing a lot of difficulty, due to which I want to register my father's name as Anand Kumar Jotwani in my daughter's mark sheet and records, for which I am presenting an affidavit.

**खबर संक्षेप**

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक ने पीएम के कार्यक्रम स्थल कर कीया निरीक्षण



**अमानगंज।** नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक ने। सोमवार की दोपहर 3रू बजे मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल का औचक निरीक्षण किया इस दौरान सीएमओ सहित प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सितंबर के प्रथम सप्ताह में गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अमानगंज नगर में मुख्यमंत्री जी का आगमन प्रस्तावित है। अध्यक्ष सारिका खटीक ने अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए और स्थल पर चल रही व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। सारिका खटीक ने कहा है कि "मैंने कई अवसरों पर मुख्यमंत्री जी से अमानगंज आने का आग्रह किया था। उनका आगमन निश्चित ही नगर और विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की नई सौगातें लेकर आएगा। जनता में अपार उत्साह है और हर कोई मुख्यमंत्री जी के स्वागत के लिए उत्सुक है।" अध्यक्ष ने अधिकारियों को चुस्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और नागरिकों से अपील की की कार्यक्रम को सफल बनाने में जन-भागीदारी निभाएं।

### मध्यप्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी संगठन की जिला स्तरीय बैठक



**पवई।** आउट सोर्स कर्मचारी सजिसमें जिले में बिजली कंपनी में कार्य करने वाले समस्त आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के निर्देशानुसार मंगलवार को माता कलेही मंदिर परिसर मे बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्य मांग बिजली कंपनी में कार्यरत समस्त अनुभवी आउटसोर्स कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से बिजली कंपनी में संविलयन किया जाए व इसके साथ ही पूरे जिले में समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को ले कर भी चर्चा हुई तथा संगठन के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में कर्मचारियों को अवगत करवाया। ज्ञात हो, मध्यप्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी संगठन पूरे प्रदेश भर में कर्मचारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जिसमें समस्त जिलों में बैठकों का दौर जारी है। बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष आउटसोर्स कर्मचारी संघ राहुल मालबीय, जिला अध्यक्ष रामाधार पाठक, मीडिया प्रभारी सतीश साहू, इशाख खान, प्रकाश सिगरोल, मुकेश नामदेव, अजीज खान उपस्थित रहे।

### कमिश्नर एवं आईजी ने कार्यक्रम स्थल की देखी व्यवस्थाएं



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 5 सितम्बर को गुनौर विधानसभा के अमानगंज स्थित शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शासकीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर आयोजित महिला सम्मेलन और आमसभा के कार्यक्रम में जनता को संबोधित कर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नगर परिषद अमानगंज क्षेत्र में आगमन के दृष्टिगत मंगलवार को कमिश्नर अनिल सुचारी एवं पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने तथा समय पूर्व जरूरी तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कमिश्नर श्री सुचारी ने कार्यक्रम स्थल और हेलीपेड का अवलोकन कर जरूरी प्रबंध के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बैठक व्यवस्था, विभागीय प्रदर्शनी, पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी व्यक्तियों और आम जनता के कार्यक्रम स्थल पर आगमन और निकास व्यवस्था सहित कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में पूछा। साथ ही सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से गंभीरतापूर्वक सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया। आईजी ने रूट चार्ट, परिवहन, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश दिए और विभिन्न सुरक्षा उपायों पर भी चर्चा की। इसके पहले कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा द्वारा भी प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया।

# महिलवारा राशन दुकान के अतरहाई में 6 माह से नहीं मिला शासकीय राशन

## परेशान ग्रामीण श्रमिकों ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

## लापरवाह विक्रेता को हटाने की मांग

## नहीं सुधर पा रही क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली

शाहनगर। शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और नियमित बनाए रखने तमाम प्रयास किए जा रहे रहे हैं। लेकिन शाहनगर क्षेत्र की भ्रष्ट व्यवस्था में श्रमिक और ग्रामीण वर्ग का शोषण नहीं थम रहा है। सोमवार को ग्राम पंचायत महिलवारा के अर्थाई गांव के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया है और ज्ञापन सौंपते हुए खाद्यान्न दिलाने तथा भ्रष्ट विक्रेता को हटाए जाने की मांग की है। बताया गया की विक्रेता द्वारा आदिवासी



श्रमिकों के घरों में जाकर थम्बिंग करा ली गई। लेकिन बाद में अनाज नहीं दिया गया है पिछले महीनों से अनाज ना मिलने के संबंध में सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायतें की गईं लेकिन न्याय नहीं मिल सका है। यहां के विक्रेता की बार बार शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं हो पा रही है। आपको बता दे की विगत दिनों एक राशन दुकान बिक्रेता का ऑडियो भी वाइरल हुआ था। जिसमे बिक्रेता हितग्राही क़ो गालिया दे रहा था। जिसकी एक जुट होकर पूर्व में शिकायत की गई थी। परन्तु एसडीएम का स्थानांतरण हो जाने क़े कारण कोई कार्यवाही नहीं हो सकी थी।

### इनका कहना है

अतरहाई निवासी ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया है एवं बताया हैं की 6 माह से राशन नहीं मिला हैं जो कि जाँच करवा कर आगे उच्च स्तर कार्रवाई के लिए जिला भेज दिया जाएगा जल्द से जल्द उसका निराकरण किया जाएगा।

**कोमल सिंह तहसीलदार शाहनगर**

## प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले का कांग्रेस ने किया जमकर विरोध

# पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षकको सौंपा ज्ञापन



**पन्ना**

जिले सहित सम्पूर्ण मप्र में बिगड़ी कानून व्यवस्था, बढ़ते नशे के कारोबार को खत्म करने व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही जिला मुख्यालय पर पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्था की मांग रखी। कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि दिनांक 31 अगस्त 2025 को रतलाम दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों के द्वारा एकत्रित होकर हिंसक वातावरण निर्मित करते हुए उन पर जानलेवा हमला किया। उन पर पूर्व में भी इस तरह के हमले हो चुके हैं, परन्तु सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश नशे का गढ़ बन चुका है। नित नये नशे के उद्योगों की जानकारी प्राप्त हो रही हैं, वहां से करोड़ों रुपये की सामग्री जब्त हो रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सतत रूप से नशे के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं। उनका प्रयास है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो, इसके लिए वो निरंतर आंदोलनरत है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता की इसी के चलते उन पर बार-बार हमले किए जा रहे हैं ताकि वह इस मुद्दे पर चुप हो जाएं। जिले में भी निरंतर जघन्य वारदातें हो रही है जिस पर पुलिस रोक लगाने में पूरी तरह विफल है। जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्था होनी नितांत आवश्यक है। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है, इसमें कोई संदेह इसीलिये भी पैदा नहीं होता है कि पकड़े जा रहे नशे के कारोबारियों के भाजपा नेताओं के साथ संबंधों का आधार आरोपियों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो है। इससे इन आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हो रहे हैं कि वो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला कराने का दुस्साहस कर पा रहे हैं। अंत में कांग्रेसजन ने प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से पुलिस महानिदेशक से आग्रह किया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश जारी करें साथ ही फैलते नशे के कारोबार को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाएं। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनीश खान, श मार्तंड देव बुंदेला , शशीकांत दिक्षित, शिव प्रकाश दीक्षित, केसरी अहिरवार, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष कदीर खान , पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष राजबहादुर पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा सौरभ पटेरिया, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी वैभव थापक, जितेंद्र जाटव, रियासत खान , जगदेव सिंह ,लखन केवट, अमित शर्मा ,रविंद्र मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, बाल किशोर शर्मा, संदीप द्विवेदी, अंका रिछारिया, शेख मोहम्मद, सत्यजीत सिंह अभिषेक चौरसिया ,हिम्मत बागरी बृजेंद्र दुबे,जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



## सुगंध दशमी पर सुवासित हुआ देवेंद्र नगर जैन मंदिर संयम धर्म की महिमा का बोध

**देवेंद्रनगर।** दस लक्षण पर्व के अंतर्गत छठवें दिवस उत्तम संयम धर्म के उपलक्ष्य में जैन समाज द्वारा सुगंध दशमी का शुभ आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ इस पावन अवसर पर जैन मंदिर परिसर धूप की दिव्य सुगंध से सुवासित हो उठा जिससे समस्त वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया धार्मिक आयोजन का सान्निध्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य पूज्य अंकित भैया जी द्वारा प्राप्त हुआ उन्होंने प्रवचन में संयम आत्मनियंत्रण एवं तपश्चर्या की परम महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुगंध दशमी न केवल आत्मविकास का प्रतीक है अपितु यह जीव को पापों के क्षय और मोक्ष की दिशा में उन्मुख करती है इस दिन जैन समाज की महिलाएं निर्जला उपवास धारण कर मंदिरों में धूप अर्पण की परंपरा का निर्वहन करती हैं जो वातावरण को शुद्ध और पावन बनाने के साथ-साथ आध्यात्मिक शुद्धि का साधन भी मानी जाती है। सौभाग्य और स्नेह का प्रतीक सुहाग सामग्री का आदानप्रदान सुगंध दशमी पर जैन समाज में सुहागिन स्त्रियों द्वारा एक-दूसरे को सुहागसामग्री जैसे चूड़ी बिंदी सिंदूर कंघी चुनरी इत्र एवं मेंहदी आदि भेंट स्वरूप प्रदान करने की परंपरा भी निभाई जाती है यह करवाचौथ के समान सौभाग्य सद्गृहस्थ जीवन की मंगलता तथा आपसी सहयोग एवं स्नेह की अभिव्यक्ति का प्रतीक है किन्तु इसका आध्यात्मिक आधार कहीं अधिक गहन एवं संयममूलक है।

## विद्युत विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा पांच हजार रू विद्युत ट्रांसफार्मर से घरेलू लाईट को लेकर की जा रही मांग

### मामला देवेन्द्र नगर कनिष्ठ अभियंता क्षेत्र विद्युत विभाग क्षेत्र ग्राम सिलगी का

**पन्ना।**

देवेन्द्रनगर विद्युत कनिष्ठ अभियंता क्षेत्र ग्राम सिलगी में विद्युत ट्रांसफार्मर से जहां 24 घंटे से विद्युत प्रवाह का संचालन 15 वर्षों से किया जा रहा था। वहां पर विद्युत एवं व्यवसायिक कार्य हेतु विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। साथ ही पानी की टंकी का बोर एवं आवासीय बस्ती उसी ट्रांसफार्मर के पास निवासरत घरेलू विद्युत भी इसी लाईन से प्रदान की जाती थी 24 घंटे। वहीं अब बदलकर 8 घंटे विद्युत लाईन का लोड दिया गया है। जिससे वहां पर निवासरत संहिषाह खान विद्युत कनेक्षन का आईव्हीआर क्रमांक 1143027592 जो उसी विद्युत ट्रांसफार्मर से परमानेंट कनेक्षन धारी है तथा हर माह नियमित रूप से विद्युत देयक का भुगतान किया जाता है। वहीं उपभोक्ता संहिषाह खान द्वारा बरसात के मौसम पर विजली के आभाव में अब जीव जंतुओं से अंधेरे में रहने को मजबूर है। बड़ी



कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जनसुनवाई में कलेक्टर पन्ना कार्यालय पहुंचकर आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि देवेन्द्रनगर कनिष्ठ अभियंता उमेष कुमार पाण्डेय से आग्रह किया गया कि विद्युत को 24 घंटे की लाईन में जोड़ दिया जाये किन्तु कनिष्ठ अभियंता पाण्डेय द्वारा कहा जा रहा है कि हम लाईन को नहीं जोड़ेगें। इतना ही नहीं आवेदन में उल्लेख किया गया है कि विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा विद्युत लाइरन जोड़ने के लिए पांच हजार की रिष्वत की मांग की जा रही है। जोकि इस समय विद्युत ट्रांसफार्मर से घरेलू लाईट उपयोग किया जा रहा है। जनसुनवाई में विद्युत ट्रांसफार्मर से 24 घंटे विद्युत संचालन करवाने को लेकर उक्त आवेदक संहिषाह ने आवेदन दिया है। वहीं दो दिवस के अंदर विद्युत 24 घंटे को लेकर नहीं जोड़ा जाता है तो किसी भी तरह की अगर अप्रिय घटना घटित होती है जिसको लेकर देवेन्द्रनगर विद्युत विभाग कनिष्ठ अभियंता उमेष कुमार पाण्डेय होगें। वहीं जनसुनवाई में दिये गये आवेदन में एमपीईबी ई जिला पन्ना के लिए जनसुनवाई में यह आवेदन मार्क किया गया है। देखना यह है कि संबंधित मामले में क्या कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा। संबंधित उपभोक्ता को क्या 24 घंटे विद्युत व्यवस्था प्रदान करने के लिए कार्यवाही की जायेगी। या कि विभाग के द्वारा जो 8 घंटे विद्युत की सप्लाई दी जा रही है यही कायम रहेगी। वहीं सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर विद्युत विभाग के कौन है वे लोग जो पांच हजार की रिष्वत की मांग कर रहे है। आखिर विभाग में इस तरह की दास्ता क्यों कायम है इसका जिम्मेदार कौन है क्या ग्रामीण क्षेत्र में इसी तरह की मनमानी कायम रखी जाती है। जहां शासन के द्वारा 24 घंटे विद्युत सप्लाई प्रदान किये जाने को लेकर मंषा बताई जाती है वहीं हालात जनसुनवाई में इस तरह का आवेदन जो 8 घंटे मात्र विद्युत देने की बात कही जा रही है 24 घंटे विद्युत प्रदान करने के लिए मांग की जा रही है।

## पर्युषण महापर्व दस लक्षण धर्म पर पवई में प्रतिदिन प्रतियोगितायें

## वृहद शांति धारा, दस धर्मों के साथ जिनेंद्र भगवान की विशेष पूजन

**पवई।**

उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन, उत्तम ब्रह्मचर्य दस धर्मों की विशेष आराधना के साथ 1008 जिनेंद्र भगवान की भक्ति और विशेष पूजा और आराधना के लिए प्रसिद्ध पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर पवई में प्रतिदिन भाद्र शुक्ल पक्ष पंचमी से लगातार दस दिन अनंत चतुर्दशी तक जैनेंद्र भगवान की विशेष आराधना त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास के साथ भक्ति भाव पूर्वक जैन समाज के श्रावक जन करते हैं। इसी अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर पवई में 28 अगस्त 25 प्रातः 7:00 बजे वृहद अभिषेक पूजन शांति धारा और जिनेंद्र भगवान की भक्ति भाव के साथ विशेष पूजन और अर्चना चल रही है सायं 7:00 बजे से जिनेन्द्र भगवान की आरती शाष्त्र बाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जा रहा है





उक्ताशय की जानकारी देते हुए जैन महिला मंडल पवई अध्यक्ष श्रीमती रजनी जैन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक श्रीमती स्वाति जैन ने बताया कि प्रथम दिन



भक्तामर पाठ जानकारी प्रतियोगिता शिक्षक अमित जैन के सहयोग से एवं दूसरे दिन 29 अगस्त 25 को भजन प्रतियोगिता रविन्द्र जैन रब्बू के सहयोग से कराई गई एवं जैन ध्वज की शान (लघु नाटिका) का आयोजन भी किया गया । तीसरे दिन चक्र घुमाओ प्रतियोगिता श्रीमति स्वाति जैन के के निर्देशन में अजित कुमार जैन पत्रकार के सहयोग से आयोजित की गई चौथे दिन 31 अगस्त को कौन बनेगा ज्ञानवान प्रतियोगिता कराई गई पांचवें दिन 01 सितम्बर 2025 को आरती प्रतियोगिता तनु जैन के सहयोग से कराई गई। पर्युषण महापर्व के छठवें दिन 02 सितंबर 2025 को पासिंग दा श्रीफल शिल्पी जैन के द्वारा आयोजित की गई। सातवें दिन आज 03 सितंबर को अंताक्षर्णी प्रतियोगिता ,आठवें दिन शब्द बनाओ ,पहेली सुलझाओ प्रतियोगिता, नौवें दिन तंबोला प्रतियोगिता कु0 आयुषी जैन के द्वारा कराई जाएगी और अंतिम दसवें दिन 06 सितंबर 2025 अनंत चतुर्दशी के दिन खुला प्रश्न मंच सुनील कुमार जैन के सहयोग से आयोजित कराया जाएगा एवं आरती सजाओ, शास्त्र सजाओ, अछार सजाओ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।

## खाद सहित किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुनौर ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

### 24 घण्टे के अंदर किसानों को खाद्य उपलब्ध नहीं हुई तो देंगे धरना - अरुण कुमार

**गुनौर।** किसानों की समस्याओं को ले कर कल तहसील परिषद में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर के द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें शासन-प्रशासन द्वारा किसानों को खाद की उपलब्धता समय पर न किये जानें व फसल बीमा राशि वितरण में भेद-भाव किये जाने के संबंध में व अधिक वर्षा होने के कारण किसानो द्वारा बोई गई सोयाबीन, उड़द की फसल नष्ट हो चुकी है, सिर्फ बची हुई धान की फसल को भी समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने के कारण वह भी नष्ट होनें की कगार पर है। जैसा कि पिछले 15 दिनों से देखा जा रहा कि एक एक दो दो बोरी खाद के लिये दिन दिन भर किसान छोटे छोटे बच्चों को ले कर महिलाएं लाईन में लगी रहती है, शाम को खाली हाथ वापिस घर चली जाती है, लेकिन खाद नही मिल पाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि बताये गये आकड़ों के अनुसार खाद पर्याप्त मात्रा में आ रही है तो फिर कालाबाजारी के कारण बड़े सेठ / साहूकारों के पास खाद पंहुचाकर ब्लैक की जा रही है, जो शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। केन्द्रीय कृषि मंत्री जी के द्वारा वर्तमान में फसल बीमा राशि का आवंटन किया गया है जिसमें पन्ना जिले के किसानों को नजरअंदाज कर किसानों के साथ दुर्व्यवहार किया गया जबकि मध्यप्रदेश के करीब 10



जिलों में पर्याप्त 85 प्रतिशत राशि का वितरण किया गया है, शेष जिलों को 15 प्रतिशत में समाहित कर दिया गया है। किसानो के हित को देखते हुये ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुनौर द्वारा ज्ञापन के माध्यम से किसानों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दास्त नही किया जायेगा। आने वाली रबी की फसल भी यदि इसी प्रकार से अनियमितता की गई तो कांग्रेस इस संबंध में वृहद आंदोलन कर विरोध दर्ज करने हेतु बाद्य रहेगी। मण्डी बिक्री केन्द्रों में हो रही किसानों की कृषि जिंसों की लूट किसानों के कृषि जिंसों का जो समर्थन मूल्य है, उससे कम रेट में नही बिकना चाहिये, जैसे कि किसान अपनी कृषि जिन्स को मण्डी लेकर जाता हे तो वहाँ मण्डी के कर्मचारियों को डाक नीलामी बोली समर्थन मूल्य जैसे 6800/- रूपये तो मण्डी के कर्मचारी को 6800/- रूपये से शुरू हो और आंगे व्यापारी बोली लगाते रहे और अगर कोई जिन्स बिकनें में रह गई उसे सरकार को एम.एस.पी. में खरीद लेना चाहिये। प्रतिदिन यानी 365 दिन होना चाहिये जिससे किसानों का हित हो सके। जबकि किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने एम.एस.पी. की गारंटी देनें का बादा किया था जो आज तक नही निभाया गया जो किसानों के साथ धोखा है। इसे तत्काल लागू होना चाहिये। ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार बब्लू गौतम ने कहां की अगर 24 घंटे के अन्दर अगर खाद की समस्या का समाधान नही हो रहा है तो कांग्रेस पार्टी मजबूरन खाद बिक्री के बिक्री केन्द्रों में धरना प्रदर्शन करेगी, जिसकी जवावदारी शासन प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवालाल पटेल, कुलदीप सिंह डिघौरा, संजय तिवारी, जीवन लाल सिद्धार्थ, संजय पटेल, केसरी अहिरवार, प्रहलाद सिंह यादव, राजेश कुशवाहा, रूपनारायण द्विवेदी, श्रवण तिवारी बलिराम द्विवेदी, महेंद्र सिंह राजपूत, शैलेंद्र सिंह राजपूत, कैलाश द्विवेदी, बाल गोविंद पटेल, वेदनारायण पाल, बुंदल पाल, आशीष तिवारी, लल्लू तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा, उमेश गुप्ता, धर्मराज कश्यप, रविंद्र मिश्रा,कल्लू पटेल, दलपत पटेल, सुमेश बर्मा, फोई लाल चौधरी, राममिलन चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय विधायक ने एसडीएम कार्यालय में किया नियुक्ति पत्रों का वितरण

**नौगांव।** मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत परियोजना नौगांव 1 एवं नौगांव 2 के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के खाली पड़े पदों का ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत चयन कर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। महाराजपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के द्वारा एसडीएम कार्यालय में नियुक्ति पत्रों का वितरण एसडीएम जी एस पटेल एवं तहसीलदार पियूष दीक्षित की उपस्थिति में किया गया।परियोजना अधिकारी अनिल नामदेव एवं नेहा जैन के द्वारा विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।परियोजना अधिकारी अनिल नामदेव द्वारा जानकारी दी गई कि। परियोजना नौगांव 1 अंतर्गत ग्राम करारा गंज में कु.दीपा देवी अहिरवार, बड़ागांव में कु.अनीता देवी अहिरवार, पाली में नंदनी चतुर्वेदी, बारबई में नैनशी सिंह, वीरपुरा से कु.उमंग राय, सूड़ा में कु.राधा कुशवाहा, टीला में अंकिता यादव को आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्त किया गया। परियोजना नौगांव 2 (महाराजपुर) में ग्राम टटम में कु.मोहिनी राय,लोटन पुरवा में कु.नेहा अहिरवार, शिवपुरा से कु.ज्योति अहिरवार, गुरसारी से



अनीता अहिरवार,लुगासी में कु.प्रिंसी अनुरागी और कु.रानी विश्वकर्मा ,पन्नपुरा से प्रीति अहिरवार का आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर चयन किया गया है। विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



## सड़क के गड्ढे से अनियंत्रित हुई बाईक, दो घायल

**छतरपुर।** बमीठा क्षेत्र में बारिश के बाद तमाम सड़कों की हालत खराब हो गई है और जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो गए हैं, जिनसे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। बीते रोज ग्राम बारा खेरा निवासी अर्जुन अहिरवार अपने साले कुमारी लाल अहिरवार के साथ छतरपुर आ रहा था तभी ग्राम गंज के पास उसकी बाईक सड़क के गड्ढे में उतरकर अनियंत्रित हो गई। हादसे में अर्जुन अहिरवार को गंभीर चोटें आईं हैं, जबकि कुमारी लाल मामूली रूप से घायल हुआ है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को 108 एंबुलेंस के जरिए छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां अर्जुन का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### वन विभाग ने जप्त की खैर की 40 क्विंटल लकड़ी, तस्कर फरार

**छतरपुर।** बीती रात वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाई जा रही 40 क्विंटल खैर लकड़ी और तीन मोटरसाइकिलें जप्त की हैं। तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। इस कार्रवाई में वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर वन मंडलाधिकारी छतरपुर सर्वेश सोनवानी के नेतृत्व में वन परिक्षेत्राधिकारी बुद्ध सेन कोल और उनकी टीम ने ग्राम खरका में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से ले जाई जा रही लगभग 40 क्विंटल खैर लकड़ी, जिसकी बाजार कीमत 4 से 4.5 लाख रुपये आंकी गई है, को जप्त किया गया। साथ ही, तस्करी में इस्तेमाल हो रही तीन मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं।

### भैंस से टकराई बाईक, एक घायल



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में एक बाईक सवार युवक सड़क पर जा रही भैंस से टकराकर घायल हो गया। हादसे में बाईक चालक को अधिक चोटें आई हैं, जबकि उसका साथी मामूली रूप से जख्मी हुआ है। बताया गया है कि गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बारी गांव का रहने वाला 19 वर्षीय ग्यासी कुशवाहा अपने 23 वर्षीय दोस्त पुनीत कुशवाहा के साथ छतरपुर से अपने गांव लौट रहा था तभी रास्ते में उसकी बाईक एक भैंस से टकरा गई। दुर्घटना में ग्यासी को गंभीर चोटें आईं, जबकि पुनीत मामूली रूप से घायल हुआ है। हादसे के बाद दोनों को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां ग्यासी का इलाज चल रहा है।

# पक्की सड़क के अभाव में परेशान हो रहे ग्रामीण

### जनसुनवाई में आवेदन देकर उठाई पक्की सड़क की मांग

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में चंदला विधानसभा के ग्राम कितपुरा के मजरा कोरिनपुरवा के ग्रामीणों ने पक्की सड़क की मांग को लेकर आवेदन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि कीचड़ युक्त रास्तों के कारण गांव की शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित है। साथ ही दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण राजकुमार अनुरागी, आनंद कुमार अनुरागी



ने बताया कि कोरिनपुरवा की आबादी लगभग 1200 है, लेकिन मजरा से मुख्य सड़क तक जाने के लिए 2 किलोमीटर लंबा रास्ता पूरी तरह कीचड़ युक्त है। इस कारण बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल जाने में मुश्किल हो रही है। मजरा में मौजूद प्राथमिक विद्यालय आने वाले शिक्षकों को भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार व्यक्तियों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती, और प्रसव पीड़ा से गुजर रही महिलाओं के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मरीजों को 2 किलोमीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार विभिन्न विभागों में आवेदन दिए, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया कि कोरिनपुरवा से कितपुरा तक पक्की सड़क बनवाई जाए, ताकि उनकी परेशानियां कम हो सकें।

## आपस में टकराई दो बाईक, युवक घायल



**छतरपुर।** शहर के सटई रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि तीन अन्य को मामूली चोटें आईं हैं। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई रोड की न्यू गल्ला मंडी निवासी 19 वर्षीय सत्यम अहिरवार अपने 22 वर्षीय दोस्त अनिल प्रजापति पुलिस लाइन के पास पर मोमोज खाने गया था। यहां से वापिस घर लौटते वक्त सटई रोड पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में सत्यम के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं हैं, जबकि अनिल प्रजापति सहित दूसरी बाइक पर सवार तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया।

## संयम से मिलती है ऊर्जा: आर्यिका ऋजुमती माताजी



### छतरपुर में मनाया जा दस दिवसीय पर्यूषण पर्व

**छतरपुर।** जैन समाज का दस दिवसीय पर्युषण पर्व धार्मिक और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को छठे दिन उत्तम संयम धर्म का पालन किया गया, जबकि आज बुधवार को उत्तम तप धर्म की साधना होगी। छठवें दिन आर्यिका ऋजुमती माता जी ने संयम की महत्ता बताते हुए कहा कि यह जीवन को ऊर्जा प्रदान करता है।मंगलवार को उत्तम संयम धर्म पर प्रवचन देते हुए आर्यिका ऋजुमती माता जी ने कहा कि संयम के बिना जीवन बिना ब्रेक की गाड़ी जैसा है। नियम और संयम का पालन करने वाला श्रावक ही श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में संकल्प और संयम अपनाने की सलाह दी। डॉ. सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि बुधवार को पर्युषण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म मनाया जाएगा। इस दिन बड़े जैन मंदिर में आर्यिका ऋजुमती माता जी और सांगानेर अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी जैन मंदिर में पं. उमेश जैन शास्त्री प्रवचन देंगे। उत्तम तप धर्म को अध्यात्म का मूल आधार माना गया है। तप शरीर को कष्ट देकर किया जाता है, जैसे सोने को तपाकर आभूषण बनाया जाता है। ठीक वैसे ही, तप के माध्यम से आत्मा को परमात्मा की ओर ले जाया जा सकता है। भगवान आदिनाथ ने छह महीने तक कठोर तप-साधना कर मोक्ष प्राप्त किया था। वर्तमान में ऐसी कठोर साधना संभव न हो, लेकिन तप की भावना अपनाई जा सकती है। तप का अर्थ अपनी इच्छाओं को मर्यादित करना और विवेकपूर्ण ढंग से उन्हें नियंत्रित करना है। यह कर्म निर्जरा का मार्ग है, जो मोक्ष की प्राप्ति का हकदार बनाता है। उल्लेखनीय है कि 1 सितंबर को बड़े जैन मंदिर के हाल में जैन आरती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने मोहक प्रस्तुतियां दीं। शहर के अन्य जैन मंदिरों में भी प्रतिदिन रात को ज्ञानवर्धक और रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। पर्युषण पर्व का समापन 6 सितंबर को होगा, जिसके बाद 9 सितंबर को क्षमावाणी पर्व और पालकी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# जीर्णशीर्ण महल दे रहा हादसे को आमंत्रण, हो सकती है अनहोनी



**छतरपुर।** गत शनिवार को शहर की पुरानी तहसील के समीप स्थित करीब 200 वर्ष पुराने रियासतकालीन महल का कुछ हिस्सा बारिश के कारण ढह गया था। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई थी और उक्त महल में चल रहे निजी विद्यालय को भी यहां से स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि चूंकि गिरे हुए महल का कुछ हिस्सा अब भी यहां खड़ा है, जिससे आसपास रहने वाले परिवार दहशत में हैं। लोगों ने बताया कि महल का आधा हिस्सा धराशायी हुआ था, जिसका मलबा अभी मौके पर ही पड़ा है। हादसे के दिन मुआयना करने आए एसडीएम अखिल राठौर ने नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग को इमारत को गिराने के निर्देश दिए थे, लेकिन तीन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गिरे हुए हिस्से का मलबा और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में खड़ा आधा महल उनके लिए दहशत का कारण बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि पुरानी तहसील के समीप स्थित यह रियासत कालीन महल बारिश के कारण कमजोर हो गया था। गत शनिवार की सुबह करीब 7 बजे हुई हल्की बारिश के दौरान महल का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। इसी भवन में एक निजी विद्यालय भी संचालित हो रहा था लेकिन हादसा सुबह के वक्त होने के कारण विद्यालय खाली था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। भवन गिरने की सूचना मिलने पर एसडीएम अखिल राठौर और सीएसपी अरुण कुमार सोनी मौके पर पहुंचे थे, जिन्होंने तुरंत स्कूल को खाली करवाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के बाद विद्यालय का स्थान तो परिवर्तित हो गया है लेकिन मौके पर पड़ा मलबा और भवन का शेष हिस्सा अभी ज्यों का त्यों खड़ा है, जिससे लोग दहशत में हैं।

## विधायक ने गांव जाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

### ग्रामीणों ने की विस्थापन और मूलभूत सुविधाओं की मांग

**गढ़ीमलहरा।** बीते रोज महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीका राजा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के भिरौटा गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने उर्मिल बांध से होने वाली परेशानियां विधायक को बताईं साथ ही गांव का विस्थापन कर मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की मांग रखी, जिस पर विधायक ने अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक



विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने भिरौटा गांव में बैठक के बाद गांव का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों से समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि उर्मिल बांध के उफान पर आने से गांव के कच्चे मकान ढहने लगते हैं, जबकि पक्के मकानों में सीलन की समस्या हो जाती है। गांव की गलियां भी कीचड़ और जलभराव से खराब हो जाती हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने गांव को विस्थापित करने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और एसडीएम गोपाल शरण पटेल, तहसीलदार लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार, नायब तहसीलदार श्रीमती इंदु गौड़, जनपद सीईओ प्रभात राज घनघोरिया, सिंचाई विभाग के सब इंजीनियर सहित राजस्व अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभागों को समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी को ग्वालियर में मिला आदर्श गौरव सम्मान

### प्रदेश की पहली सीएनजी गैस उत्पादन करने वाली गौशाला में हुआ कार्यक्रम

**छतरपुर।** ग्वालियर की आदर्श गौशाला परिसर में समर्पण कृष्णायन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में छतरपुर निवासी पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी को आदर्श गौरव सम्मान से नवाजा गया। यह गौशाला मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी गौशाला है, जो 10,000 गौवंश का संरक्षण करती है और 100 टन गोबर से प्रतिदिन 2-3 टन सीएनजी गैस का उत्पादन करती है। समारोह में 40 से अधिक समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। ग्वालियर की लाल टिपारा आदर्श गौशाला में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि महंत स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी संजीव जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सीएमओ और कचरा प्रबंधन विशेषज्ञ डी.डी. तिवारी तथा आईपीएस राकेश सागर उपस्थित रहे। समर्पण कृष्णायन वेलफेयर सोसाइटी, जो न्यूरोलॉजिकल वार्ड में भोजन वितरण, गौसेवा, पौधारोपण और मुक्तिधामों के उन्नयन जैसे कार्य करती है, ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पब्लिक स्कूल ग्वालियर की संचालिका शर्मिला सोनी द्वारा लगाया गया 56 भोग का स्टाल आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें विभिन्न फल, सब्जियां और पकवान शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्रदीप गुप्ता, सचिव अरुण अग्रवाल और उनके परिवार व सहयोगियों द्वारा किया गया। इस दौरान 40 से अधिक समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से डी.डी. तिवारी को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद 12 वर्षों से ग्वालियर, टीकमगढ़ और पन्ना में नदी-तालाबों की सफाई, श्रमदान, सफाई अभियान, पौधारोपण और पर्यावरण सुधार के लिए किए गए कार्यों के लिए आदर्श गौरव सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। महंत स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज ने सभी अतिथियों को भी सम्मानित किया। यह आयोजन गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा के प्रति समर्पण को बढ़ावा देने वाला रहा।





## 5 हजार के इनामी चोर को पुलिस ने दबोचा

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दो स्थानों पर पिछले दिनों हुई चोरी की वारदातों का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। उक्त वारदातों को 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी ने अंजाम दिया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोर के पास से 9 हजार 300 रुपये नगद बरामद किए गए हैं।सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि छत्रसाल नगर और महाराणा प्रताप नगर में पिछले दिनों हुई चोरी की घटनाओं की शिकायत मिलने के बाद पुलिस तत्परता से जांच की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही शनि नाथ पुत्र छिद्दन नाथ उम्र 19 वर्ष, निवासी अनगढ़ टौरिया सिंचाई कॉलोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने चोरी की वारदातों को अंजाम देने का जुर्म कबूल कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शनि नाथ पर पहले से 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है, और आगे की विवेचना जारी है।

## खबर संक्षेप

### जिला टीकाकरण अधिकारी का प्रभार डॉ तिवारी को

**रीवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला द्वारा जिला टीकाकरण अधिकारी का प्रभार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ केके तिवारी को देने के आदेश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बीके अग्निहोत्री द्वारा स्वास्थ्य कारणों से जिला टीकाकरण अधिकारी के प्रभार से मुक्त करने का अनुरोध किया गया था। इसे दृष्टिगत रखते हुए डॉ तिवारी को टीकाकरण अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है।

### लेफ्टिनेंट रजनीश पाण्डेय का रीवा में हुआ भव्य स्वागत



**रीवा ।** शहर के वार्ड नंबर 15, गड़रिया मोड़ निवासी सूबेदार मेजर ऑनरेरी लेफ्टिनेंट रजनीश कुमार पाण्डेय भारतीय सेना की मेडिकल कोर से 32 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हो गए। रीवा आगमन के गौरवपूर्ण अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें परिवारजन, मित्रगण और अनेक गणमान्य नागरिकों ने उनकी वीरता, सेवाभाव और अनुशासित जीवन के लिए उन्हें कृतज्ञता अर्पित की।बता दे रजनीश कुमार पाण्डेय ने अपने तीन दशकों से अधिक के सेवाकाल में देश के विभिन्न सीमांत क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दीं और कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्यनिष्ठा से काम किया। भारतीय सेना में रहते हुए उन्होंने अनेक पदोन्नतियाँ प्राप्त कीं और अंततः उन्हें ऑनरेरी लेफ्टिनेंट की उपाधि से सम्मानित किया गया, जो कि सेना द्वारा उत्कृष्ट सेवा और नेतृत्व के लिए विशेष रूप से प्रदान की जाती है। स्वागत सम्मान समारोह में पूर्व सैनिक सूबेदार रमेश तिवारी (जिला अध्यक्ष, पूर्व सैनिक परिषद) सूबेदार मेजर यू.वी. पटेल सूबेदार मेजर रमेश पांडे,कैप्टन ओ.पी. मिश्रा,संजय शुक्ला,अरुण त्रिपाठी,आलोक त्रिपाठी,डॉ. सुरेश द्विवेदी,आशीष द्विवेदी,मुन्ना लाल द्विवेदी, सागर पाण्डेय, राजेश अग्निहोत्री,अंकित त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद ने ली थी जान, कोर्ट ने 6 दोषियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा



**रीवा।** जमीनी विवाद में हुई हत्या मामले में न्यायालय ने 6 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है बता दे गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरवा में जमीनी विवाद में हुई मारपीट के बाद एक की मौत हो गई थी, मामले में पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध किया था। प्रकरण की विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया था। न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल आधा दर्जन महिला और पुरुष आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों में दो महिला व चार पुरुष शामिल है। विशेष लोक अभियोजक अंजू पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 20 अक्टूबर 2018 को फरियादी अशोक कुमार कोरी निवासी पूर्वा थाना गुढ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि जमीनी विवाद के प्रकरण में आरोपी पंचमलाल कोरी, रामावतार कोरी, दशई कोरी, मनबोध कोरी, देववती कोरी, पार्वती कोरी एवं एक बाल अपचारी ने दोपहर में घर में घुसकर फर्सा, कुल्हाडी, लाठी से मारपीट कर शिवप्रसाद कोरी, कल्पना कोरी, बलराम कोरी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मारपीट में घायल शिवप्रसाद कोरी को गंभीर चोटे आई और इलाज के दौरान उसकी एसजीएमएच रीवा में दिनांक 20 अक्टूबर 2018 को मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया था। सुनवाई के दौरान न्यायालय-अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा आरोपी पंचमलाल कोरी, रामावतार कोरी, दशई कोरी, मनबोध कोरी, देववती कोरी और पार्वती कोरी को आजीवन कारावास सजा वा अर्थदंड से दंडित किया है।

## रोजगार मेले से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की सूची प्रस्तुत करें – कमिश्नर

# कोर्ट में लंबित प्रकरणों के अलावा सभी पेंशन प्रकरण सात दिन में दर्ज करें

रीवा ।



कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय समीक्षा बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण तथा रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रोजगार तथा स्वरोजगार से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की विभागवार एवं जिलावार सूची बनाएं। सभी अधिकारी एक सप्ताह में हितग्राहियों की सूची प्रस्तुत कर दें। स्वरोजगार से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों के निर्धारित लक्ष्य से 50 प्रतिशत अधिक प्रकरण 15 सितम्बर तक बैंकों में दर्ज कराएं। महिला स्वसहायता समूहों के बैंक लिंकेज और ऋण अनुदान के प्रकरण भी लक्ष्य के अनुसार दर्ज करें। रोजगार मेले में बैंकों द्वारा मुद्रा योजना तथा अन्य योजनाओं से स्वीकृत ऋण प्रकरणों में ऋण राशि का वितरण किया जाएगा। संभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिलाधिकारियों से समन्वय बनाकर विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। रोजगार मेले की तैयारियों में किसी तरह की कोर कसर न रखें। कमिश्नर ने कहा कि रोजगार मेले में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभन्वित किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए जिला स्तर पर रोजगार मेले आयोजित करें। विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों का चयन कर उनके आवेदन पत्र भरवाएं। विभिन्न कंपनियों और निजी संस्थाओं में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए इन्हें रोजगार मेलों में शामिल करें। आउटसोर्स सेवाएं देने वाली कंपनियों, सुरक्षा संस्थाान तथा निजी संस्थाओं को भी रोजगार मेले में शामिल करें। औद्योगिक इकाईयों तथा बड़े निजी संस्थानों में भी रोजगार के अवसरों का पूरा लाभ हितग्राहियों को दें। कमिश्नर ने कहा कि जिन व्यक्तियों के प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन हैं उन्हें छोड़कर शेष सेवानिवृत्त सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण सात दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें। पेंशन प्रकरणों के निराकरण और रोजगार मेले की तैयारियों की हर सप्ताह रिपोर्ट दें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों तथा समाधान ऑनलाइन के एजेण्डां बिन्दुंओं के लंबित प्रकरणों में विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्प लाइन में 100 दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों को सात दिवस में निराकरण करें। अधिकारी लंबित प्रकरणों का स्वयं अध्ययन करके तथ्यपूर्ण प्रतिवेदन दर्ज करें। कम से कम पांच हितग्राहियों से चर्चा करके लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। ई आफिस में इस सप्ताह कम फाइलें दर्ज हुई हैं। अब तक संभागीय कार्यालय में 3706 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 15760 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। संभागीय अधिकारी सभी अभिलेख और फाइलें ई आफिस के माध्यम से ही भेजें। जिन अधिकारियों के पास मऊगंज और मैहर जिलों का प्रभार है वे प्रत्येंक बुधवार और गुरूवार को इन जिलों में जाकर कार्य करें। मऊगंज में 7 सितम्बर को मुख्यमंत्री जी का दौरा प्रस्तावित है। सभी संबंधित अधिकारी समय पर दौरे की तैयारियां पूरी कर लें। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय और जिला अधिकारी वेंकट क्लब की सदस्यता लेकर खेलकूद की गतिविधियों में शामिल हों। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न तरह के खेलों में शामिल होना सबसे लाभप्रद होता है। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में बांटी जा रही खाद

### सहकारी समितियों और डबल लाक केन्द्रों द्वारा किया जा रहा खाद का वितरण



रीवा ।

जिले भर में सहकारी समितियों और विपणन के डबल लाक केन्द्रों द्वारा खाद का लगातार वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि जिले को खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है। विपणन केन्द्र और सहकारी समितियों से आवंटित खाद राजस्व अधिकारियों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था के साथ वितरित की जा रही है। खाद का लगातार वितरण जारी रहेगा। चाकघाट वेयरहाउस में एसडीएम पीएस त्रिपाठी की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से किसानों को खाद का वितरण किया गया। जबकि गुढ़ में एसडीएम अनुराग त्रिपाठी की उपस्थिति में किसानों को सुविधाजनक तरीके से खाद का वितरण किया गया। खाद वितरण केन्द्र उमरी, गुढ़वा, हरदुआ में टोकन वितरित कर किसानों को खाद उपलब्ध कराई गई। करहिया मण्डी रीवा में तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला एवं नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला की उपस्थिति में किसानों को टोकन बांटकर खाद का वितरण किया गया। सभी खाद विक्रय केन्द्रों में किसानों के लिए छाया एवं पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। करहिया मण्डी में किसानों को पीने के पानी के साथ-साथ नमकीन एवं बिस्किट के पैकेट्स भी वितरित किए गए।

## व्हाट्सएप हैक कर ठगों ने मांगे पैसे, कॉलेज संचालकों के नाम पर ठगी, क्यूआर कोड भेजकर 55 हजार की ठगी, दूसरा मामला होते-होते बचा, सायबर सेल में शिकायत दर्ज

**रीवा।** शहर में सायबर ठगों का नेटवर्क लगातार सक्रिय होता जा रहा है। सोमवार को रीवा के दो प्रतिष्ठित कॉलेज संचालकों के व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर ठगों ने उनके परिचितों से पैसों की मांग की, एक मामला जहां ठगी में बदल गया और 55 हजार रुपए क्यूआर कोड के जरिए ठग लिए गए, वहीं दूसरा मामला समय रहते पकड़ में आ गया और ठगी होने से बच गया। दोनों मामलों की शिकायत संबंधित थाना और सायबर सेल से की गई है। पहला मामला जेएससीटी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के चेयरमैन सीताशरण तिवारी का व्हाट्सएप अकाउंट सायबर ठगों ने हैक कर लिया। अकाउंट हैक करने के बाद ठगों ने उनके संपर्क में मौजूद लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग शुरू कर दी। पीड़ित के परिजन, उनके साले ने मैसेज पर भरोसा करते हुए दिए गए क्यूआर कोड के जरिए 55 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। बताया गया कि जिस क्यूआर कोड के माध्यम से राशि भेजी गई, उसमें अविनाश कुमार रजक नाम दिखाई दे रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने थाने और सायबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। बॉक्स कालिका ग्रुप के चेयरमैन का अकाउंट भी हुआ हैक, ठगी से बाल-बाल बचेइसी दिन दूसरी घटना पुष्पराज नगर स्थित कालिका ग्रुप के चेयरमैन नीलू त्रिपाठी के साथ हुई। उनके व्हाट्सएप पर एक संदिग्ध मैसेज आया, जिसे खोलते ही उनका अकाउंट हैक हो गया। इसके बाद सायबर ठगों ने उनके कॉन्टैक्ट्स में मौजूद लोगों को 40 से 50 हजार रुपए भेजने के लिए मैसेज करना शुरू कर दिया। हालांकि इस मामले में उनके परिचितों ने सतर्कता दिखाई और समय रहते ठगी से बच गए। नीलू त्रिपाठी ने भी मामले की शिकायत संबंधित थाने और सायबर सेल में दर्ज कराई है।बॉक्स 9 महीने में डेढ़ करोड़ से ज्यादा की ठगीरीवा में सायबर ठगों की सक्रियता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले 9 महीनों में डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की ऑनलाइन ठगी हो चुकी है। कभी बैंक अकाउंट की जानकारी लेकर, तो कभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए।ठग लोगों की मेहनत की कमाई को मिनटों में हड़पने में सफल हो रहे हैं।बॉक्स पुलिस और सायबर सेल सतर्क, फिर भी लोग हो रहे शिकारपुलिस और सायबर सेल द्वारा समय-समय पर सतर्कता बरतने की सलाह दी जाती है, लेकिन ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को झांसे में ले लेते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आमजन कोई भी लिंक, अंजान नंबर या संदिग्ध मैसेज खोलने से पहले पूरी तरह सतर्क रहें।

## मऊगंज में अपर कलेक्टर ने 33 आवेदन पत्रों की जनसुनवाई की





मऊगंज

कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 33 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में देवतालाब तहसील के ग्राम सोनवर्षा के आवेदक रघुनाथ गुप्ता तथा जय कुमार गुप्ता एवं ग्राम डिघवार के आवेदक रामावतार गुप्ता ने अवैध निर्माण रोकने और नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। हनुमना तहसील के ग्राम सगराखुर्द निवासी मोहनलाल जायसवाल, अशोक, संतोष तथा फूलमती जायसवाल ने आवासीय पट्टे के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। श्रीमती ग्रामादेवी कोल निवासी मऊ बगदरा ने कल्याणी पेंशन तथा सुरूपवती आदिवासी ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जमीन से अवैध कब्जा हटाने, नक्शा तरमीम, आर्थिक सहायता, मजदूरी भुगतान, मुआवजा दिलाने सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेकलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों की सुनी समस्यायें कलेक्टर संजय कुमार जैन ने भूतपूर्व सैनिकों की पृथक से जनसुनवाई करते हुए उनकी समस्यायें सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर समाधानकारक निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सैनिक संगठन आर्मी के रास्ता खुलवाये जाने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को तथा घुरेहटा निवासी पूर्व सैनिक राजबहोर तिवारी के अवरूद्ध रास्ता को खोले जाने के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। खैरा निवासी पूर्व सैनिक सत्यनारायण पटेल के सीमांकन के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को, पटेहरा निवासी अच्छेलाल पटेल के भूमि के मुआवजा दिलाने के आवेदन पर एसडीएम हनुमना को तथा चंदेह निवासी दिनेश द्विवेदी के अवैध कब्जा एवं मारपीट की धमकी देने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। इसी प्रकार जमुई निवासी रामसखा द्विवेदी ने रास्ता निर्माण कराने का आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## जनसुनवाई में 108 आवेदकों के प्राप्त हुए आवेदन

रीवा।



कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किये। संयुक्त कलेक्टर जीपी अग्रवाल, राजेश सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर सुधाकर सिंह ने विभागीय समस्याओं से संबंधित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में शारदा नगर निवासी उमा द्विवेदी ने आवासीय कालोनी में व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन पर रोक लगाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे कमिश्नर नगर निगम एवं आयुक्त सहकारिता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार सेमरी कला निवासी उमाशंकर द्विवेदी के नक्शा तरमीम, झिरिया निवासी राजेश कुमार के फर्जी बटवारे की जांच कराने, नेहरू नगर निवासी अर्चना पटेल के खतौनी की नकल दिलाने तथा देवरी शिवमंगल सिंह निवासी रोहणी प्रसाद शुक्ला के जालसाजी कर दूसरे की जमीन की रजिस्ट्री कराने की जांच के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में मुन्नी कुशवाहा के नगर परिषद में मध्यान्ह भोजन का कार्य दिलाने, बरा निवासी संजय ताम्रकर के सीमांकन कराने तथा मकरवट निवासी चन्द्रमणि शुक्ला के नहर का मुआवजा दिलाये जाने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। शीला मिश्रा दूबी निवासी के आपसी बटवारा तथा सेमरिया निवासी आशा कुशवाहा के मकान से अवैध कब्जा हटाने के आवेदनों को संबंधित नायब तहसीलदारों को प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार मोतीमणि त्रिपाठी कुठुलिया के संबल अनुग्रह राशि भुगतान के आवेदन को आयुक्त नगर निगम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। निवास पाण्डेय पुर्वा के प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में मुआवजा राशि के भुगतान के आवेदन को महाप्रबंधक पीएमजीएसवाई को तथा सिघौल निवासी छात्र भास्कर के पेंटियम प्वाइंट कालेज में चतुर्थ सेमेस्टर में दबाव बनाकर फीस लेने के आवेदन पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## नईगढ़ी अस्पताल की अव्यवस्थाओं को दिखाना पत्रकारों को पड़ा भारी, डॉक्टर ने पत्रकारों पर दर्ज कराई FIR

मऊगंज




जिले के अस्पताल डॉक्टरो की कमी से जूझ रहा है अस्पताल में दवाइयां इंजेक्शन मरीजों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रहे हैं एक्सरे मशीन धूल खा रही है ज्यादातर अस्पताल नर्स और ड्रेसर ही चला रहे हैं डॉक्टर अपने रूम में मरीज देखने में मशगूल रहते हैं रात में आए मरीजों को डॉक्टर बिना देखे ही रीवा रेफर करना मुनासिब समझते हैं। इसी कड़ी में पत्रकारों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी की अव्यवस्थाओं के बारे में डॉक्टर से सवाल पूछने पर डॉक्टर ने जवाब देने के बजाए पत्रकारों के ऊपर नईगढ़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पत्रकारों का आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी की हालात इतने बदतर है कि गर्भवती महिलाए तीन-तीन दिनो से आयरन की गोली और ड्रिप के लिए भटक रही है मरीजो को घंटो इन्तजार करना पडता है लेकिन डॉक्टर नर्स नदारद रहते है अस्पताल के अधिकांश हिस्सों में ताले और सन्नाटा में डूबा रहता है अस्पताल का माली ही मरीजों को पट्टी मलहम और टाके लगता दिखा इन अव्यवस्थाओं के बारे में अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर से पत्रकारों द्वारा सवाल किया गया तो डॉक्टर बौखला गए और पत्रकारों के ऊपर एफआईआर दर्ज करा दी।

## पुलिस ने ली शांति समिति की बैठक

**रीवा।** आगामी त्योहार ईद मिलादुन्नबी को शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) रितु उपाध्याय ने की। इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनिमा शर्मा, जिला विशेष शाखा की निरीक्षक शिवानी सिंह, शहर के सभी थाना प्रभारियों, विभिन्न मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में आगामी त्योहार के मद्देनजर शहर की सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और आपसी समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने सभी सामाजिक संगठनों और नागरिकों से अपील की कि वे भाईचारे और शांति के साथ पर्व मनाएं

## बिजनेस साइट

### थीमैटिक इनवेस्टिंग: भविष्य में निवेश करें

**रीवा।** हमारे आसपास की दुनिया लगातार बदल रही है क्योंकि तकनीकें, ग्राहक की बदलती पसंद और वैश्विक प्राथमिकताएं बदल रही हैं। चतुर निवेशक इन बदलावों को पहले ही पहचान सकते हैं, उनमें समय से पहले निवेश कर सकते हैं और थीम के मुख्यधारा में आने से पहले ही संभावित बड़े लाभों से लाभ उठा सकते हैं। यही थीमैटिक निवेश का सार है, जो एक दूरदर्शी निवेश दृष्टिकोण है जो एक ऐसे रुझान की पहचान करता है जिसके बढ़ने की संभावना है। इसके बाद, इस व्यापक रुझान या विषय के अंतर्गत, मौलिक रूप से मजबूत बिजनेसेज की पहचान की जाती है जिनमें उस रुझान से लाभ उठाने की क्षमता होती है।



शशांक अग्रवाल
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रीवा

उदाहरण के लिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता हुआ निवेश विषय है। इसके उपयोग और एप्लीकेशंस की व्यापक संभावना ने एआई वैल्यू चेन - एआई डेवलपर्स, सेमीकंडक्टर चिप निर्माता, क्लाउड कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाता, डेटा-केंद्रित व्यवसाय आदि - में निवेशकों की रुचि बढ़ा दी है। इसी तरह, जैसे-जैसे दुनिया प्रदूषणकारी तकनीकों से दूर होती जा रही है और अधिक स्वच्छ, रिन्यूएबल ऊर्जा स्रोतों को अपना रही है, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल विद्युत उत्पादन और भंडारण से जुड़े व्यवसायों में निवेशकों का रुझान बढ़ रहा है। हालांकि, सही थीम्स और बिजनेसेज की पहचान करने के लिए समय, विशेषज्ञता और निरंतर शोध की आवश्यकता होती है। रुझान तेजी से बदलते हैं, और एक स्ट्रक्चर्ड दृष्टिकोण के बिना, नेकनीयत निवेशक भी शॉर्ट टर्म बाजार के शोर से स्थायी अवसरों में अंतर करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं। काम, परिवार और अन्य जिम्मेदारियों में व्यस्त अधिकांश खुदरा निवेशकों के पास अक्सर इन घटनाक्रमों पर सक्रिय रूप से नजर रखने या उनके प्रभावों का आकलन करने के लिए समय, संसाधन या साधनों का अभाव होता है। इससे अवसर चूक सकते हैं या गलत निवेश निर्णय लिए जा सकते हैं। ऐसे मामलों में, थीमैटिक म्यूचुअल फंड एक व्यावहारिक समाधान प्रदान करते हैं। ये फंड उभरते रुझानों की पहचान करने, लाभ कमाने वाले बिजनेसेज का चयन करने और थीम्स और अंडरलाइंग निवेश दोनों पर निरंतर नजर रखने में विशेषज्ञ हैं।

इसी के अनुरूप, उभरते थीम और सेक्टर्स में विविध निवेश की तलाश करने वाले निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) पर विचार कर सकते हैं। यह फंड ऑफ फंड्स रणनीतिक रूप से स्पेशलाइज्ड सेक्टोरल और थीमैटिक फंडों के पोर्टफोलियो में निवेश करता है। 30 जुलाई, 2025 तक, इस फंड ने एक साल में 8.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया। लंबी अवधि में, इसने पिछले तीन वर्षों में 20.68 प्रतिशत की सीएजीआर और पांच वर्षों में 26.08 प्रतिशत की मजबूत सीएजीआर के साथ मजबूत प्रदर्शन दिखाया है।